राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनाक : 12.07.2013

–: प्रेस–विज्ञप्ति :–

आयोग द्वारा दिनांक 02.02.2012 एवं 03.09.2012 को घोषित कनिष्ठ लिपिक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2011 के परिणाम के क्रम में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में घोषित परिणाम **दिनांक 08.06.2013 (फेज–I) में सफल अभ्यर्थियों की फेज– II की परीक्षा (कम्प्यूटर पर ऑनलाईन हिंदी एवं अंग्रेजी में गति एवं दक्षता परीक्षण) दिनांक 20.07.2013 एवं 21.07.2013 को अजमेर के स्थान पर जयपुर केन्द्र पर** ऑनलाईन रूप में आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है। **अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा हेतु अपना स्वयं का की–बोर्ड (Key Board) नहीं लाना है।** निःशक्तजन अभ्यर्थियों को फेज– II की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा से नियमानुसार मुक्त रखा गया है।

अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र मय उपस्थिति पत्र आयोग की वेबसाईट http://rpsc.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र डाक द्वारा अलग से नहीं भेजे जायेंगे।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर, फोटो युक्त आई.डी.प्रमाण एवं पासपोर्ट साईज की एक फोटो एवं **रूपये 200/– का पोस्टल ऑर्डर के साथ निर्धारित परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से लेकर उपस्थित होंवे, अन्यथा अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही सेवा प्राथमिकता क्रम का निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर एवं विधिवत् भर कर उक्त पोस्टल ऑर्डर के साथ प्रस्तुत करें।** जो अभ्यर्थी सेवा प्राथमिकता क्रम प्रस्तुत नहीं करेंगें, उनकी सेवा प्राथमिकता निम्नानुसार मान ली जावेगी। **(1) अधीनस्थ कार्यालय (2) शासन सचिवालय (3) राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय।** उक्त परीक्षा के सभी परीक्षार्थी परीक्षा आरम्भ होने से एक घण्टा पूर्व आवश्यक रूप से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे।

(सी.एल.दायमा)
उप सचिव